दिनांक : 23.11.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन विश्व के विकास के उद्देश्य से छह नई पहलों का प्रस्ताव रखा।
- हैदराबाद में निवेश सम्मेलन में 36 हजार 600 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए
- कक्षा 3 से 8 के लिए मूल्यांकन का कार्य अब 8 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2025 के मध्य होगा।
- प्रदेश में तेज ठंड के साथ अब घने कोहरे का असर

पीएम-जी-20

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के पहले दिन विश्व के विकास के उद्देश्य से छह नई पहलों का प्रस्ताव रखा। इनमें वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार की स्थापना, अफ्रीका कौशल गुणक कार्यक्रम, वैश्विक स्वास्थ्य सेवा प्रतिक्रिया दल, नशीली दवाओं और आतंकवाद के गठजोड़ का मुकाबला करने की पहल, ओपन सैटेलाइट डेटा पार्टनरशिप और महत्वपूर्ण खनिज परिपत्र पहल शामिल हैं। सम्मेलन के पहले दिन दो सत्रों को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा, ये पहल सभी के लिए विकास, प्रगति और कल्याण के लिए भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करती हैं। उन्होंने कहा कि इन पहलों से चहुमुखी विकास को हासिल करने में सहायता मिलेगी। समावेशी और सतत आर्थिक विकास पर पहले सत्र के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जी-20 वैश्विक पारंपरिक ज्ञान भंडार, आने वाली पीढ़ियों के लाभ के लिए मानवता के सामूहिक ज्ञान का उपयोग करेगा।

मुख्यमंत्री निवेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में अनेक क्षेत्रों में निवेश की विद्यमान संभावनाओं को साकार करने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री कल हैदराबाद में आयोजित 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्यप्रदेश' सत्र में उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे। इसमें 36 हजार 600 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जिससे लगभग 27 हजार 800 रोजगार सृजित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की प्रोत्साहनकारी निवेश नीतियों से निरंतर निवेश आ रहा है। सरकार की 18 नवीन निवेश नीतियाँ निवेशकों को आकर्षित कर रही हैं। निवेशकों के लिये आवश्यक हुआ तो इन नीतियों की परिधि के बाहर जाकर भी उद्योगपतियों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हैदराबाद में अनेक उद्योगपतियों ने मध्यप्रदेश में निवेश की इच्छा जताई है। डॉ. यादव ने कहा कि अन्य राज्यों में उन्होंने बिना राजनैतिक एजेंडा के सिर्फ एक उद्देश्य, औद्योगिक निवेश

को लेकर यात्राएं की हैं। ऐसे इंटरैक्टिव सेशन मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास की बहुआयामी संभावनाओं को बताने और निवेश के लिए आमंत्रित करने का माध्यम बने हैं। यह क्रम चलता रहेगा।

अर्ध वार्षिक मूल्यांकन

प्रदेश की शासकीय और अशासकीय शालाओं में कक्षा 3 से 8 के लिए सोमवार 24 नवम्बर से आयोजित होने वाला अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथि बढ़ाई गई है। अब मूल्यांकन का कार्य 8 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2025 के मध्य होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने वर्तमान में प्रदेश में संचालित चुनावी प्रक्रिया एसआईआर में शासकीय कर्मचारियों की व्यस्तता के कारण कक्षा 3 से 8 के अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथियों को आगे बढ़ाते हुए निर्णय लिया है। इस संबंध में नवीन समयसारिणी जारी की है।

एसआईआर-कार्य

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरी तत्परता से किया जा रहा है। एसआईआर-2026 के दौरान गणना पत्रक भरने के लिए बीएलओ या किसी भी अन्य अधिकारी द्वारा किसी भी माध्यम से ओटीपी मांगे जाने की आवश्यकता नहीं है। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने मतदाताओं को सतर्क करते हुए बताया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा नजदीकी हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा जानकारी ऑनलाइन voters.eci.gov.in या ceoelection.mp.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि एसआईआर पत्रक भरते समय सुरक्षा उपायों का पालन करें। आधिकारिक सरकारी वेबसाइट पर ही एसआईआर भरें।

श्रम संहिताएँ- प्रतिक्रिया

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए देश में चार नए श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) को तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। सरकार के इस कदम से वर्षों पुराने और जटिल 29 श्रम कानून समाप्त हो गए हैं, जिससे अब श्रमिकों के लिए एक सरल और एकीकृत कानूनी ढांचा तैयार हो गया है। रायसेन सहित देशभर के लोगों ने इस फैसले का जोरदार स्वागत किया है और इसे 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक बड़ा और क्रांतिकारी कदम बताया है। इन बदलावों से देश के करोड़ों श्रमिकों को बेहतर वेतन, सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित होगा। रायसेन के स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह कानून श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने और उनके अधिकारों को मजबूत करने का काम करेगा। महिलाओं और युवाओं के लिए एक मजबूत नींव बताया है।

मौसम

अब खबर मौसम की, प्रदेश में तेज ठंड के साथ अब घने कोहरे का असर भी दिखाई देने लगा है। सुबह कई शहरों में कोहरे का असर देखा गया। शाजापुर में घना कोहरा छाया। अकोदिया, शुजालपुर क्षेत्र में सुबह विजिबिलिटी 100 मीटर तक ही रही। इधर, रात का पारा कई शहरों में 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। भोपाल-इंदौर में 9.4 डिग्री, ग्वालियर में 13 डिग्री, उज्जैन-जबलपुर में 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, पचमढ़ी में सबसे कम 6.2 डिग्री रहा। राजगढ़ में 8.2 डिग्री, खरगोन में 8.6 डिग्री, नौगांव में 8.8 डिग्री, नरसिंहपुर में 9.4 डिग्री सेल्सियस रहा। सीहोर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। बीते दिन जिले का न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अब समाचार संक्षेप में .....

भोपाल में कल 24 नवम्बर से तीन दिन तक राज्य स्तरीय कार्यशाला मे मंथन किया जाएगा।

पन्ना जिले की ग्राम पंचायत शाहनगर का प्रदेश मे सर्वाधिक स्वयं आय वाली ग्राम पंचायत की श्रेणी में चयन किया गया है।